जल जीवन मिशन फेज–2 एवं फेज–3 कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में कार्यरत सूचीबद्ध फर्म द्वारा कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक दिनांक– 05.05.2026 का कार्यवृत्त।

दिनांक 05.05.2026 को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रो में विभिन्न पेयजल योजनाओं पर कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक प्रारम्भ हुयी जिसमें निम्न अधिकारी/कर्मचारी एवं फर्म के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

1 मुख्य विकास अधिकारी, कौशाम्बी।
2 अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कौशाम्बी।
3 अधिशासी अभियन्ता, सिचाई खण्ड, कौशाम्बी।
4 सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कौशाम्बी।
5 सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय(वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
6 डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, टी0पी0आई0 एजेन्सी, मे0 मेधज् टेक्नों लिमिटेड।
7 प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 के0पी0आई0एल0 (जे0एम0सी0), मंझनपुर, कौशाम्बी।
8 प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 बाबा जी.ए. इन्फ्रा (जे0वी0), मंझनपुर कौशाम्बी।

सर्वप्रथम विगत बैठक के कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या प्रस्तुत किया गया। जिसका अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवलोकन उपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया।

मे0 जे0एम0सी0 द्वारा जल जीवन मिशन फेज–2 व फेज –3 के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्य :–

मे0 जे0एम0सी0 (के0पी0आई0एल0) के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म को आवंटित कुल 275 नग राजस्व ग्रामों हेतु कुल 94 नग पेयजल योजनाएँ स्वीकृत है। स्वीकृत पेयजल योजनाओं में फर्म को 152 नग ट्यूबवेल, 128 नग उच्च जलाशय, 1869 किमी0 पाइप लाइन एवं 94050 नग FHTC प्रदान किये जाने का लक्ष्य निर्धारित है। जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा अभी तक 152 नग ट्यूबवेल एवं 112 नग उच्च जलाशय के कार्य पूर्ण हो चुके है तथा 1610 किमी0 पाइप लाइन बिछाकर, 88465 नग हाउस टैप कनेक्शन प्रदान किया जा चुका है। साथ ही 195 नग राजस्व ग्रामों में सम्मिलित 54443 नग गृह संयोजनों में जलापूर्ति भी प्रारम्भ कर दी गयी है। इसके अतिरिक्त पाइप लाइन बिछाने एवं हाउस टैप कनेक्शन प्रदान किये जाने हेतु तोडी गयी सड़कों/गलियों को लगभग 90 प्रतिशत तक पुनर्स्थापित करा दिया गया है तथा शेष सड़कों/गलियों को आवागमन हेतु मोटरेबुल करा दिया गया है, जिसको पाइप लाइन टेस्टिंग के उपरान्त पूर्व की भॉति पुर्नस्थापित/मरम्मत करा दिया जायेगा। माह– अप्रैल, 2026 में फर्म द्वारा 16 नग पेयजल योजनाओं को पूर्ण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित था, जिसको फर्म द्वारा शत्–प्रतिशत प्राप्त किया गया है।

तदोपरान्त जल जीवन मिशन फेज–3 के अर्न्तगत दूसरी सूचीबद्ध फर्म मे0 बाबा जी0ए0 इन्फा (जे0वी0) द्वारा कराये गये कार्यो के सन्दर्भ में जानकारी चाही गयी :–

मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) द्वारा जल जीवन मिशन फेज–3 के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्य :–

मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म को आवंटित कुल 351 नग राजस्व ग्राम हेतु कुल 181 नग पेयजल योजनाएँ स्वीकृत है। स्वीकृत पेयजल योजनाओं में फर्म को 201 नग ट्यूबवेल, 181 नग उच्च जलाशय, 2255 किमी0 पाइप लाइन एवं 123503 नग FHTC प्रदान किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा अभी तक 197 नग ट्यूबवेल बोरिंग एवं 138 नग उच्च जलाशय के कार्य पूर्ण हो चुके है तथा 2070 किमी0 पाइप लाइन बिछाकर, 117365 नग हाउस कनेक्शन प्रदान करने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। साथ ही 163 नग राजस्व ग्रामों में सम्मिलित 47949 नग गृह संयोजनों में जलापूर्ति भी प्रारम्भ कर दी गयी है। इसके अतिरिक्त पाइप लाइन बिछाने एवं हाउस टैप कनेक्शन प्रदान किये जाने हेतु तोडी गयी सड़कों/गलियों को लगभग 85 प्रतिशत तक पुनर्स्थापित करा दिया गया है तथा शेष सड़कों/गलियों को आवागमन हेतु मोटरेबुल करा दिया गया है, जिसको पाइप लाइन टेस्टिंग के उपरान्त पूर्व की भॉति पुर्नस्थापित/मरम्मत

CamScanner

Scanned with OKEN Scanner

करा दिया जायेगा। माह– अप्रैल, 2026 में फर्म द्वारा 13 नग पेयजल योजनाओं को पूर्ण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित था, जिसको फर्म द्वारा शत्–प्रतिशत प्राप्त किया गया है।

तदोपरान्त दोनो सूचीबद्ध फर्मो के कार्यो की भौतिक प्रगति रिपोर्ट में अपेक्षाकृत सुधार प्रदर्शित न होने पर असंतोष व्यक्त करते हुये अधिशासी अभियंता, जल निगम एवं फर्मो को जल–जीवन मिशन के कार्यो–ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य, कनेक्शन एवं पाइप लाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़कों को मानक के अनुरूप ठीक कराने के कार्यो में तेजी लाने, एवं जिन परियाजनाओं में 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है, उन परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शत–प्रतिशत कार्य पूर्ण कराकर शीघ्र ही पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

(कार्यवाही– अधि0अभि0 जल निगम(ग्रा0)/कार्यदायी संस्थाऍ)

अन्य महत्वपूर्ण निर्देश :–

1. ट्रायल रन की योजना का कम्पोनेन्टवार प्रगति (सड़क पुर्नरथापना सहित) उपलब्ध करायी जायें।
2. माह–जून, 2026 की मीटिंग में, मार्च, अप्रैल व मई की O&M एवं Trail Run योजनाओं का विवरण उपलब्ध कराया जाये।
3. शेष बचे नलकूपों के बोरिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण कराये।
4. टी0पी0आई0 एजेन्सी की Performance संतोषजनक न होने के कारण चेतावनी पत्र जारी करें।
5. Automation with Interigation में डिस्कनेट योजना की जॉच हेतु टीम गठित कर जॉच कराकर सोमवार को 10:00 बजे रिपोर्ट प्रस्तुत करे।
6. जो पेयजल योजनाओं O&M में चली गयी है, उन योजनाओं में सुबह–शाम नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाये।
7. सभी साइट्स पर पर्याप्त श्रमिक, सामग्री, पाइप, मशीनरी आदि आवश्यकतानुसार प्रबन्ध कर कार्य की प्रगति बढ़ायी जाये तथा समस्त कार्य विभागीय विशिष्टियों/मानक के अनुसार कराये जाये। इसमें किसी भी तरह की शिथिलिता न बरती जाये।
8. बैठक में अधिशासी अभियन्ता द्वारा जनपद कौशाम्बी में निर्मित/निर्माणाधीन नलकूपों के Source Sustainbility Report पर चर्चा की गयी, जिसको ई–आफिस के माध्यम से प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही– अधि0अभि0 जल निगम(ग्रा0)/कार्यदायी संस्थाऍ)

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
कौशाम्बी।

## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, कौशाम्बी।

पत्रांक 2080 /जल जीवन मिशन/W-74/133 दिनांक:– 12/05/26

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, कौशाम्बी।
2. समस्त सदस्य, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, कौशाम्बी।
3. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कौशाम्बी।
4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय(वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
5. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, कौशाम्बी।
6. डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, टी0पी0आई0 एजेन्सी, कौशाम्बी को इस निर्देश के साथ प्रेषित नियमित योजनाओं का अनुश्रवण/निरीक्षण करते हुये फर्म से गुणवत्ता सहित निर्माण कार्यो पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।

CamScanner
Scanned with OKEN Scanner

7. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 के0पी0आई0एल0 (जे0एम0सी0), कौशाम्बी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि बैठक में दिये गये निर्देशों का शत्–प्रतिशत पालन कराना सुनिश्चित करें।
8. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 बाबा जी0 ए0 इन्फ्रा(जे0वी0) कौशाम्बी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि बैठक में दिये गये निर्देशों का शत्–प्रतिशत पालन कराना सुनिश्चित करें।

Digitally signed by
VINOD RAM TRIPATHI
Date: 11-05-2026
13:23:28

मुख्य विकास अधिकारी / उपाध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
कौशाम्बी।

CS CamScanner

Scanned with OKEN Scanner